**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड/
निजी क्षेत्र के संस्थान।

**पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/2025/**2163 **लखनऊःदिनांक–**10/6/2025

**विषयः–CUET परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की पुनः परिषद की परीक्षा दिनांक 18–6–2025 से 20–6–2025 के मध्य कराये जाने जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/2025/975 दिनांक 13–05–2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया था कि ऐसे परीक्षार्थी जिनकी परिषद द्वारा आयोजित उक्त परीक्षा एवं CUET की परीक्षा में Clashing हो रही है अथवा दोनों परीक्षाएं एक ही दिन पर संपन्न हो रही हैं तो वे CUET की परीक्षा में सम्मिलित हों। ऐसे परीक्षार्थियों की परिषद द्वारा छूटी हुई परीक्षा दिनांक 18–06–2025 से 25–06–2025 के मध्य पुनः संपन्न करायी जाएगी।

उक्त के दृष्टिगत अवगत कराना है कि ऐसे परीक्षार्थी जो CUET की परीक्षा में सम्मिलित होने के कारण परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके थे। ऐसे परीक्षार्थियों के संबंधित प्रश्नपत्र की परीक्षा **दिनांक 18–6–2025 से 20–6–2025 के मध्य** अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। उक्त परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है।

कृपया परीक्षा कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए अपने स्तर से संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें, जिससे सूचना के अभाव में कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित न रह जाए।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

**पृ0सं0– प्राशिप/अनु04/2025/** 2164-68 **तद्दिनांक–** 10/6/2025

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव महोदय के अवगतार्थ।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र, मध्यक्षेत्र, पश्चिमी क्षेत्र, बुन्देलखण्ड क्षेत्र।
5. अनुभाग प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग एवं अनुभाग–2

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\cuet exam june 25.docx